प्रादेशिक समाचार

fnukad&03-06-2024 ¼nksigj&1455 cts½

****

झारखंड की चौदह लोकसभा सीटों की मतगणना के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि राज्य में 14 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी और पहला रुझान साढ़े नौ बजे तक आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 14 संसदीय क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती शाम 4 बजे तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस बार डाक मतपत्र अधिक हैं। शांतिपूर्ण मतगणना सुनिश्चित करने के लिए मतगणना केंद्रों और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कल लोकसभा चुनाव की मतगणना में दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी और इंडी गठबंधन के नेता कालीचरण मुंडा, विजय हांसदा, सुखदेव भगत समेत 244 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। वहीं गांडेय उपचुनाव के भी नतीजे कल सामने आएंगे।

****

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कल वोटों की गिनती होगी । मतगणना से जुड़ी पल–पल की खबरों को लेकर कल आकाशवाणी दिल्ली से विशेष प्रसारण किया जाएगा।

****

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि यह सभी जी 7 देशों – अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ गुना है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाले, जो दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 के आम चुनाव में पांच सौ 40 पुनर्मतदान के विपरीत इस चुनाव में केवल 39 पुनर्मतदान हुए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 2019 में तीन हजार 500 करोड़ रुपये की तुलना में इस बार दस हजार करोड़ रुपये की जब्ती की गई। इस आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 495 शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया।

****

बोकारो जिले में मतगणना से पहले ही चौक–चौराहों पर उम्मीदवारों की जीत–हार की चर्चा होने लगी है।

****

ईडी के समन की अवहेलना करने के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की शिकायतवाद पर अब 15 जून को सुनवाई होगी। सीजेएम के कृष्ण कांत मिश्रा ने आज यह मामला एमपी एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया है। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार भी सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है।

****

झारखंड के आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ जारी है। यह पूछताछ टेंडर कमीशन घोटाले मामले को लेकर की जा रही है। इससे पहले मनीष रंजन से ईडी ने 28 मई को नौ घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने मनीष रंजन से चल–अचल संपत्ति के दस्तावेज और बैंक खातों के डिटेल्स के साथ तीन जून को ईडी ऑफिस पहुंचने के लिए कहा था।

****

पर्यावरण सप्ताह के मौके पर रांची के डोरंडा स्थित वन भवन परिसर से आज जन जागरुक्ता रथ रवाना किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक डा. संजय श्रीवास्तव ने रथ को रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों को पर्यावरण अनूकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना इस अभियान का लक्ष्य है।

*******समाप्त*******